1. विश्व वानिकी दिवस (World Forestry Day) प्रति वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ?

(A) 18 मार्च (B) 24 मार्च
(C) 21 मार्च (D) 22 मार्च
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

On which date is World Forestry Day observed every year ?

(A) March 18 (B) March 24
(C) March 21 (D) March 22
(E) None of the above

2. निम्नलिखित में से किस देश की आधिकारिक मुद्रा 'यूरो' ***नहीं*** है ?

(A) फिनलैंड (B) स्लोवेनिया
(C) स्वीडन (D) एस्टोनिया
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following countries does ***not*** have 'Euro' as its official currency ?

(A) Finland (B) Slovenia
(C) Sweden (D) Estonia
(E) None of the above

3. भारत सरकार की कौन-सी पहल, जिसे 2023 में शुरू किया गया था, रामसर स्थलों के संरक्षण मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ की गई थी ?

(A) अमृत धरोहर
(B) आर्द्रभूमि बचाओ अभियान
(C) मिशन लाइफ (Mission LiFE)
(D) मिष्टी (MISHTI)
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Government of India initiative, launched in 2023, was introduced to promote the conservation values of Ramsar Sites ?

(A) Amrit Dharohar
(B) Save Wetlands Campaign
(C) Mission LiFE
(D) MISHTI
(E) None of the above

4. *'द ग्रेट इंडियन नॉवेल'* किसने लिखी थी ?

(A) शशि थरूर (B) विक्रम सेठ
(C) अमिताव घोष (D) अरविंद अडिगा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

'The Great Indian Novel' was written by :

(A) Shashi Tharoor (B) Vikram Seth
(C) Amitav Ghosh (D) Aravind Adiga
(E) None of the above

5. स्वतंत्र भारत में लोकसभा के पहले अध्यक्ष (स्पीकर) कौन थे ?

(A) जी.वी. मावलंकर
(B) के.एस. हेगड़े
(C) हुकम सिंह
(D) एम. अनंतशयनम अय्यंगार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first Speaker of the Lok Sabha in independent India ?

(A) G.V. Mavalankar
(B) K.S. Hegde
(C) Hukam Singh
(D) M. Ananthasayanam Ayyangar
(E) None of the above

6. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा ***नहीं*** करता है ?

(A) श्रीलंका
(B) म्याँमार
(C) भूटान
(D) नेपाल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following countries does ***not*** share a land boundary with India ?

(A) Sri Lanka
(B) Myanmar
(C) Bhutan
(D) Nepal
(E) None of the above

7. 1921 में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का स्वरूप (डिज़ाइन) किसने तैयार किया था ?

(A) सुरैया तैयबजी

(B) पिंगली वेंकैया

(C) पट्टाभि सीतारमैया

(D) जे.बी. कृपलानी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who designed the Indian National Flag in 1921 ?

(A) Surayya Tyabji

(B) Pingali Venkayya

(C) Pattabhi Sitaramayya

(D) J.B. Kripalani

(E) None of the above

8. साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए 2025 में निम्नलिखित में से किसे पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया ?

(A) एस.एल. भैरप्पा

(B) राम बहादुर राय

(C) विनोद धाम

(D) एम.टी. वासुदेवन नायर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was awarded the Padma Vibhushan in 2025 for contributions in the field of Literature and Education ?

(A) S.L. Bhyrappa

(B) Ram Bahadur Rai

(C) Vinod Dham

(D) M.T. Vasudevan Nair

(E) None of the above

9. निम्नलिखित में से किस संगठन ने भारत की NavIC उपग्रह संचालन (नेविगेशन) प्रणाली विकसित की ?

(A) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

(B) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

(C) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

(D) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following organisations developed India's NavIC satellite navigation system ?

(A) Indian Space Research Organisation (ISRO)

(B) Defence Research and Development Organisation (DRDO)

(C) Council of Scientific and Industrial Research (CSIR)

(D) Bhabha Atomic Research Centre (BARC)

(E) None of the above

10. निम्नलिखित में से किस शहर में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप आयोजित की जाती है ?

(A) पेरिस

(B) लंदन

(C) मेलबर्न

(D) न्यूयॉर्क

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which of the following cities is the Wimbledon Tennis Championship held ?

(A) Paris

(B) London

(C) Melbourne

(D) New York

(E) None of the above

17. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई में गुप्त कांग्रेस रेडियो की शुरुआत निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सेनानी ने की थी ?

(A) सुचेता कृपलानी

(B) अरुणा आसफ अली

(C) उषा मेहता

(D) मातंगिनी हाज़रा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following freedom fighters started the Secret Congress Radio in Mumbai during the Quit India Movement ?

(A) Sucheta Kriplani

(B) Aruna Asaf Ali

(C) Usha Mehta

(D) Matangini Hazra

(E) None of the above

18. दादाभाई नौरोजी ने ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स में किस निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था ?

(A) होल्बोर्न डिवीजन

(B) फिन्सबरी सेंट्रल

(C) इस्लिंगटन नॉर्थ

(D) फिन्सबरी ईस्ट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which constituency did Dadabhai Naoroji represent in the British House of Commons ?

(A) Holborn Division

(B) Finsbury Central

(C) Islington North

(D) Finsbury East

(E) None of the above

19. निम्नलिखित में से कौन-सी संवैधानिक संस्था भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत स्थापित की गई थी ?

(A) शाही विधान परिषद

(B) भारत परिषद

(C) राज्य परिषद

(D) भारत का संघीय न्यायालय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following constitutional institutions was established under the Government of India Act, 1935 ?

(A) Imperial Legislative Council

(B) Council of India

(C) Council of State

(D) Federal Court of India

(E) None of the above

20. स्वदेशी आंदोलन के दौरान डिज़ाइन किए गए तिरंगे झंडे पर बने आठ कमल किसका प्रतिनिधित्व करते थे ?

(A) आठ प्रमुख देशी रियासतें

(B) ब्रिटिश भारत के आठ प्रांत

(C) भारत के आठ प्रमुख भाषाई क्षेत्र

(D) भारत के आठ प्रमुख भौगोलिक क्षेत्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What did the eight lotuses on the tricolour flag designed during the Swadeshi Movement represent ?

(A) Eight major princely states

(B) Eight provinces of British India

(C) Eight major linguistic regions of India

(D) Eight major geographical regions of India

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (21 से 25) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (21 to 25) that follow :*

जनवरी और फरवरी में बेचे गए पाँच उत्पादों की इकाइयों की संख्या

Number of units of five products sold in January and February

उत्पाद / Product	जनवरी की बिक्री / January Sales	फरवरी की बिक्री / February Sales
P	240	300
Q	180	225
R	320	280
S	200	260
T	260	335
कुल / Total	1200	1400

21. जनवरी से फरवरी तक उत्पाद Q की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 25%

(B) 30%

(C) 35%

(D) 20%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage did the sales of Product Q increase from January to February ?

(A) 25%

(B) 30%

(C) 35%

(D) 20%

(E) None of the above

22. उत्पादों Q और S की जनवरी की संयुक्त बिक्री का उत्पादों और R की फरवरी की संयुक्त बिक्री से अनुपात क्या है ?

(A) 13 : 14

(B) 19 : 29

(C) 15 : 17

(D) 22 : 13

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined January sales of Products Q and S to the combined February sales of Products P and R ?

(A) 13 : 14

(B) 19 : 29

(C) 15 : 17

(D) 22 : 13

(E) None of the above

23. यदि उत्पाद R की फरवरी की बिक्री की 40 इकाइयों को उत्पाद S को पुनः आवंटित किया जाता है, जबकि कुल फरवरी की बिक्री अपरिवर्तित रहती है, तो संशोधित फरवरी की बिक्री में उत्पाद R का उत्पाद S से अनुपात क्या होगा ?

(A) 2 : 3

(B) 4 : 5

(C) 5 : 6

(D) 7 : 8

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 40 units of Product R's February sales are reassigned to Product S, while the total February sales remain unchanged, what would be the ratio of the revised February sales of Product R to Product S ?

(A) 2 : 3

(B) 4 : 5

(C) 5 : 6

(D) 7 : 8

(E) None of the above

24. उत्पादों P और S की फरवरी महीने की संयुक्त बिक्री, फरवरी महीने की पाँचों उत्पादों की कुल बिक्री का कितना प्रतिशत थी ?

(A) 40%
(B) 45%
(C) 35%
(D) 50%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined February sales of Products P and S were what percentage of the total February sales of all five products ?

(A) 40%
(B) 45%
(C) 35%
(D) 50%
(E) None of the above

25. पाँचों उत्पादों की फरवरी में प्रति उत्पाद औसत (माध्य) बिक्री और जनवरी में प्रति उत्पाद औसत (माध्य) बिक्री के बीच कितना अंतर है ?

(A) 45 इकाइयाँ
(B) 35 इकाइयाँ
(C) 30 इकाइयाँ
(D) 40 इकाइयाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the average sales per product in February and the average sales per product in January of all five products ?

(A) 45 units
(B) 35 units
(C) 30 units
(D) 40 units
(E) None of the above

26. *आइन-ए-अकबरी* के अनुसार, किस श्रेणी की भूमि पर वार्षिक रूप से खेती की जाती थी और उसे परती नहीं छोड़ा जाता था ?

(A) बंजर
(B) चचर
(C) पोलज
(D) परौती
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

According to *Ain-i-Akbari*, which category of land was cultivated annually and was not allowed to remain fallow ?

(A) Banjar
(B) Chachar
(C) Polaj
(D) Parauti
(E) None of the above

27. भारत पर प्राचीन यूनानी ग्रंथ *इंडिका* किसने लिखा था ?

(A) हेरोडोटस
(B) अरस्तू
(C) ज़ेनोफोन
(D) मेगस्थनीज़
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who wrote the ancient Greek account *Indika* on India ?

(A) Herodotus
(B) Aristotle
(C) Xenophon
(D) Megasthenes
(E) None of the above

28. निम्नलिखित में से किस शासक ने 606 – 647 ईसवी के दौरान कन्नौज पर शासन किया था ?

(A) शशांक
(B) पुलकेशिन द्वितीय
(C) हर्षवर्धन
(D) यशोधर्मन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was the ruler of Kannauj during the period 606 – 647 CE ?

(A) Shashanka
(B) Pulakeshin II
(C) Harshavardhana
(D) Yashodharman
(E) None of the above

29. "मानवजाति के लिए एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर" के सिद्धांत का समर्थन निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने किया ?

(A) ज्योतिराव फुले

(B) स्वामी विवेकानन्द

(C) श्री नारायण गुरु

(D) रामकृष्ण परमहंस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following social reformers advocated the principle of "One Caste, One Religion, One God for Mankind" ?

(A) Jyotirao Phule

(B) Swami Vivekananda

(C) Sree Narayana Guru

(D) Ramakrishna Paramahamsa

(E) None of the above

30. निम्नलिखित में से कौन-सा गौतम बुद्ध द्वारा उपदेशित आर्य अष्टांगिक मार्ग का घटक ***नहीं*** है ?

(A) सम्यक् स्मृति

(B) सम्यक् दृष्टि

(C) सम्यक् आजीविका

(D) सम्यक् भक्ति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is ***not*** a component of the Noble Eightfold Path taught by Gautama Buddha ?

(A) Right Mindfulness

(B) Right View

(C) Right Livelihood

(D) Right Devotion

(E) None of the above

31. वायुमंडल की कौन-सी परत है जिसमें ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में कमी आती है और पृथ्वी के वायुमंडल में सबसे कम तापमान होता है ?

(A) क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फीयर)

(B) समतापमंडल (स्ट्रेटोस्फीयर)

(C) बाह्य वायुमंडल (थर्मोस्फीयर)

(D) मध्यमंडल (मेसोस्फीयर)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which atmospheric layer is characterized by a decrease in temperature with increasing altitude and contains the coldest temperatures in the Earth's atmosphere ?

(A) Troposphere

(B) Stratosphere

(C) Thermosphere

(D) Mesosphere

(E) None of the above

32. उस नदी के लिए भौगोलिक शब्द क्या है जो किसी बड़ी नदी या झील में जाकर मिलती है, जैसे यमुना नदी गंगा में मिलती है ?

(A) जलवितरिका

(B) सहायक नदी

(C) ज्वारनदमुख (एश्चुअरी)

(D) डेल्टा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the geographical term for a river that flows into a larger river or lake, such as the Yamuna flowing into the Ganga ?

(A) Distributary

(B) Tributary

(C) Estuary

(D) Delta

(E) None of the above

2024176997

33. मॉस को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है :

(A) पर्वतीय वनों में पाई जाने वाली एक प्रकार की झाड़ी

(B) फूलों और वास्तविक जड़ों से रहित एक छोटा हरा पौधा

(C) चट्टानों से चिपका हुआ पौधे के समान जीव

(D) पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक बड़ा पेड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A moss is defined as :

(A) A type of shrub found in montane forests

(B) A small green plant lacking flowers or true roots

(C) A plant-like organism clinging to rocks

(D) A large tree found in mountainous regions

(E) None of the above

34. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतमाला मध्य उच्च-भूमि (सेंट्रल हाइलैंड्स) की पश्चिमी सीमा और शुरुआत को चिह्नित करती है ?

(A) विंध्य पर्वतमाला

(B) अरावली पर्वतमाला

(C) सतपुड़ा पर्वतमाला

(D) मैकाल पर्वतमाला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following mountain ranges marks the western boundary and beginning of the Central Highlands ?

(A) Vindhya Range

(B) Aravalli Range

(C) Satpura Range

(D) Maikal Range

(E) None of the above

35. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखाओं और उनसे संबंधित देशों के युग्मों पर विचार कीजिए :

I. रेडक्लिफ रेखा — भारत और पाकिस्तान

II. मैकमहोन रेखा — भारत और नेपाल

III. डूरंड रेखा — पाकिस्तान और अफगानिस्तान

IV. 24वीं समानांतर (पैरालेल) — भारत और म्याँमार

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

(A) केवल II और III (B) केवल I और III

(C) केवल II और IV (D) केवल I और IV

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following pairs of international boundary lines and their associated countries :

I. Radcliffe Line — India and Pakistan

II. McMahon Line — India and Nepal

III. Durand Line — Pakistan and Afghanistan

IV. 24th Parallel — India and Myanmar

Which of the above pairs are correctly matched ?

(A) II and III only (B) I and III only

(C) II and IV only (D) I and IV only

(E) None of the above

36. निम्नलिखित में से किसे मार्च 2026 में दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था ?

(A) तरनजीत सिंह संधू

(B) देवेन्द्र कुमार जोशी

(C) बी.डी. मिश्रा

(D) के. कैलाशनाथन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was appointed Lieutenant Governor of Delhi in March 2026 ?

(A) Taranjit Singh Sandhu

(B) Devendra Kumar Joshi

(C) B.D. Mishra

(D) K. Kailashnathan

(E) None of the above

37. व्हाट्सएप के ज़रिए एबी पीएम-जेएवाई (AB PM-JAY) सेवाएँ देने के लिए जून 2026 में कौन-सी डिजिटल सेवा शुरू की गई थी ?

(A) पोषण ट्रैकर

(B) ई-संजीवनी

(C) आयुष्मान सारथी

(D) आरोग्य सेतु

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which digital service was launched in June 2026 to provide AB PM-JAY services through WhatsApp ?

(A) Poshan Tracker

(B) eSanjeevani

(C) Ayushman Sarathi

(D) Aarogya Setu

(E) None of the above

38. निम्नलिखित में से कौन-सा घाटा भारत सरकार की कुल उधार (ऋण) की आवश्यकता को दर्शाता है ?

(A) राजकोषीय घाटा

(B) राजस्व घाटा

(C) प्रभावी राजस्व घाटा

(D) प्राथमिक घाटा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following deficits represents the total borrowing requirement of the Government of India ?

(A) Fiscal Deficit

(B) Revenue Deficit

(C) Effective Revenue Deficit

(D) Primary Deficit

(E) None of the above

39. विश्व जल दिवस 2026 का आधिकारिक विषय क्या था ?

(A) जल और जलवायु

(B) जल और जेंडर

(C) हिमनद संरक्षण

(D) शांति के लिए जल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What was the official theme of World Water Day 2026 ?

(A) Water and Climate

(B) Water and Gender

(C) Glacier Preservation

(D) Water for Peace

(E) None of the above

40. 2025 में, किस मिशन ने भारत को अंतरिक्ष में डॉकिंग का सफल प्रदर्शन करने वाला चौथा देश बनाया ?

(A) SpaDeX (B) आदित्य-एल1

(C) गगनयान (D) चंद्रयान-3

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 2025, which mission made India the fourth country to successfully demonstrate space docking ?

(A) SpaDeX (B) Aditya-L1

(C) Gaganyaan (D) Chandrayaan-3

(E) None of the above

41. ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 किस देश ने जीती ?

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) इंग्लैंड

(C) दक्षिण अफ्रीका (D) भारत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country won the ICC Champions Trophy 2025 ?

(A) Australia (B) England

(C) South Africa (D) India

(E) None of the above

42. सितंबर 2025 में प्रकाशित (जारी) पुस्तक *'मदर मैरी कम्स टू मी'* निम्नलिखित में से किस भारतीय लेखिका का संस्मरण है ?

(A) गीतांजलि श्री

(B) किरण देसाई

(C) अरुंधति रॉय

(D) अनीता देसाई

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The book *'Mother Mary Comes to Me'* released in September 2025, is a memoir by which of the following Indian authors ?

(A) Geetanjali Shree

(B) Kiran Desai

(C) Arundhati Roy

(D) Anita Desai

(E) None of the above

43. संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री-XV' (2026) का 15वाँ संस्करण भारत और किस अन्य देश के बीच आयोजित किया गया था ?

(A) थाइलैंड

(B) कंबोडिया

(C) वियतनाम

(D) म्याँमार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 15th edition of the Joint Military Exercise 'MAITREE-XV' (2026) was conducted between India and which other country ?

(A) Thailand

(B) Cambodia

(C) Vietnam

(D) Myanmar

(E) None of the above

44. मई 2026 में स्वीडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किस सम्मान से सम्मानित किया था ?

(A) ऑर्डर ऑफ द फाल्कन

(B) ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार

(C) ऑर्डर ऑफ द व्हाइट रोज

(D) ऑर्डर ऑफ द एलिफेंट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which honour was conferred on Prime Minister Narendra Modi by Sweden in May 2026 ?

(A) Order of the Falcon

(B) Order of the Polar Star

(C) Order of the White Rose

(D) Order of the Elephant

(E) None of the above

45. "हबल की जननी" के नाम से जानी जाने वाली खगोलशास्त्री के सम्मान में 2026 में नासा की कौन-सी अंतरिक्ष दूरबीन (टेलिस्कोप) प्रक्षेपित की गई थी ?

(A) नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलिस्कोप

(B) वेब स्पेस टेलिस्कोप

(C) हबल स्पेस टेलिस्कोप

(D) केप्लर स्पेस टेलिस्कोप

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which NASA space telescope was launched in 2026 in honour of the astronomer known as the "Mother of Hubble" ?

(A) Nancy Grace Roman Space Telescope

(B) Webb Space Telescope

(C) Hubble Space Telescope

(D) Kepler Space Telescope

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (46 से 50) के उत्तर दीजिए :*

परोपकार मनुष्य के उन श्रेष्ठ गुणों में से है, जो उसे केवल अपने हित के बारे में सोचने से ऊपर उठाकर दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ता है। इसका अर्थ केवल किसी जरूरतमंद को धन या वस्तु देना नहीं है। किसी व्यक्ति को कठिन समय में उचित सलाह देना, किसी विद्यार्थी को पढ़ाई में सहायता करना, किसी वृद्ध को आवश्यक कार्य में सहयोग देना या किसी अनजान व्यक्ति को संकट में देखकर उसकी मदद करना भी परोपकार के ही रूप हैं। इसमें सहायता की मात्रा से अधिक भावना और उद्देश्य का महत्त्व होता है।

वास्तविक परोपकार वह है जिसमें व्यक्ति किसी प्रतिफल, प्रशंसा या सामाजिक प्रतिष्ठा की अपेक्षा किए बिना दूसरों के हित में कार्य करता है। यदि सहायता केवल प्रसिद्धि प्राप्त करने या बदले में लाभ पाने के उद्देश्य से की जाए, तो उसके पीछे परोपकार की भावना कमजोर पड़ जाती है। परोपकार व्यक्ति के भीतर करुणा, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों को विकसित करता है। इससे व्यक्ति यह समझ पाता है कि समाज में उसकी भूमिका केवल अपने अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरों के प्रति उसके कुछ दायित्व भी हैं।

आज के व्यस्त और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में परोपकार का महत्त्व और बढ़ गया है। आर्थिक सहायता के अतिरिक्त समय, ज्ञान और कौशल का उपयोग भी समाज के लिए किया जा सकता है। कोई चिकित्सक जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श दे सकता है, कोई शिक्षक वंचित बच्चों को पढ़ा सकता है और कोई युवा अपने समय का उपयोग सामुदायिक कार्यों में कर सकता है। छोटे-छोटे सहयोग मिलकर सामाजिक विश्वास को मजबूत करते हैं। परोपकार का उद्देश्य किसी को सदैव अपने ऊपर निर्भर बनाना नहीं, बल्कि जहाँ संभव हो, उसे सक्षम बनाना भी होना चाहिए। इस दृष्टि से परोपकार केवल दया का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का सक्रिय रूप है।

46. गद्यांश के अनुसार परोपकार का व्यापक अर्थ क्या है ?

(A) दूसरों के सुख-दुःख में सहयोग करना

(B) सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाना

(C) जरूरतमंदों को धन देना

(D) दूसरों को सदैव अपने ऊपर निर्भर बनाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. वास्तविक परोपकार की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(A) सहायता का बड़ा होना

(B) कार्य का सार्वजनिक होना

(C) लाभ का साझा होना

(D) किसी प्रतिफल की अपेक्षा न होना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. परोपकार व्यक्ति में कौन-से गुण विकसित करता है ?

(A) नेतृत्व और प्रतिस्पर्धा

(B) अनुशासन और कार्यकुशलता

(C) आत्मविश्वास और महत्त्वाकांक्षा

(D) करुणा और सहानुभूति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. परोपकार में सहायता की मात्रा से अधिक किसका महत्त्व बताया गया है ?

(A) समय और धन

(B) सहायता और साधन

(C) प्रसिद्धि और प्रभाव

(D) भावना और उद्देश्य

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. गद्यांश के अनुसार परोपकार के लिए धन के अतिरिक्त किसका उपयोग किया जा सकता है ?

(A) समय, ज्ञान और कौशल

(B) पद, प्रभाव और प्रतिष्ठा

(C) संपत्ति, साधन और संपर्क

(D) अधिकार, अनुभव और अवसर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2024176997

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (51 से 55) के उत्तर दीजिए :*

अनुशासन मनुष्य के जीवन को व्यवस्थित और उद्देश्यपूर्ण बनाने वाली वह शक्ति है, जो उसे अपनी इच्छाओं, समय और कार्यों पर उचित नियंत्रण रखना सिखाती है। सामान्यतः अनुशासन को नियमों का पालन करने तक सीमित समझ लिया जाता है, जबकि इसका वास्तविक अर्थ इससे कहीं व्यापक है। अनुशासन व्यक्ति को यह समझने की क्षमता देता है कि किसी कार्य को कब, क्यों और किस प्रकार करना उचित है। इसलिए अनुशासित व्यक्ति केवल बाहरी निर्देशों का पालन नहीं करता, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार स्वयं भी सही निर्णय लेने का प्रयास करता है।

विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है। नियमित अध्ययन, समय का उचित विभाजन, विद्यालय के नियमों का पालन और अपने दायित्वों के प्रति सजग रहना उसके व्यक्तित्व को मजबूत बनाते हैं। इसके विपरीत, बिना योजना के कार्य करना और तत्काल मिलने वाले मनोरंजन को प्राथमिकता देना धीरे-धीरे उसकी एकाग्रता और कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। अनुशासन का उद्देश्य जीवन को कठोर या नीरस बनाना नहीं, बल्कि व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताओं के प्रति सजग बनाना है।

आज के समय में अनुशासन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। डिजिटल माध्यमों ने ज्ञान और मनोरंजन के अनेक अवसर उपलब्ध कराए हैं, परंतु इनके अनियंत्रित उपयोग से समय और ध्यान दोनों प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में वास्तविक अनुशासन तकनीकी से दूरी बनाना नहीं, बल्कि उसके उपयोग की सीमा और उद्देश्य निर्धारित करना है। जो व्यक्ति अपने समय और व्यवहार को स्वयं नियंत्रित करना सीख लेता है, वह बाहरी दबाव के बिना भी अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर बढ़ सकता है। इस प्रकार अनुशासन केवल सफलता प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि स्वतंत्र, जिम्मेदार और संतुलित जीवन जीने की आधारशिला है।

51. विद्यार्थी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गद्यांश के विचारों से सर्वाधिक मेल खाता है ?

(A) नियमितता और समय-प्रबंधन विद्यार्थी की कार्यक्षमता को मजबूत करते हैं।

(B) अध्ययन में सफलता मुख्यतः कठोर दिनचर्या पर निर्भर करती है।

(C) विद्यार्थी के लिए मनोरंजन का पूर्ण त्याग आवश्यक है।

(D) अनुशासन का अर्थ केवल विद्यालय के नियमों का पालन करना है।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. विद्यार्थी जीवन में किसका विशेष महत्त्व है ?

(A) पर्यटन

(B) मनोरंजन

(C) मित्रता

(D) अनुशासन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. गद्यांश के अनुसार अनुशासित व्यक्ति को किसका प्रयास करना चाहिए ?

(A) परिस्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेना

(B) कठिन परिस्थितियों में दूसरों के निर्देशों पर निर्भर रहना

(C) सभी सामाजिक नियमों का बिना प्रश्न किए पालन करना

(D) दैनिक जीवन में कठोर दिनचर्या बनाए रखना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. अनुशासन किस प्रकार का जीवन जीने की आधारशिला है ?

(A) स्वतंत्र, जिम्मेदार और संतुलित

(B) कठिन और नीरस

(C) निष्क्रिय और उद्देश्यहीन

(D) असंतुलित और मनोरंजक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. डिजिटल माध्यमों के संदर्भ में लेखक किस प्रकार के अनुशासन की बात करता है ?

(A) मनोरंजन के लिए तकनीकी का अधिकतम उपयोग

(B) केवल शैक्षिक कार्यों के लिए तकनीकी का अनिवार्य उपयोग

(C) तकनीकी के उपयोग की सीमा और उद्देश्य का निर्धारण

(D) तकनीकी साधनों का पूर्ण बहिष्कार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित पाई-चार्टों का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (56 से 60) के उत्तर दीजिए :*


Direction : *Study the following pie-charts and answer the questions (56 to 60) that follow :*

स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों का सात संस्थानों M, N, P, Q, R, S और T में वितरण

Distribution of Students of graduate and postgraduate levels in seven institutes M, N, P, Q, R, S and T


स्नातक स्तर के छात्रों की कुल संख्या = 27300

Total number of graduate level students = 27300



स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों की कुल संख्या = 24700

Total number of postgraduate level students = 24700



56. संस्थान S में क्रमशः स्नातकोत्तर और स्नातक स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्रों की संख्या के बीच का अनुपात क्या है ?

(A) 19 : 21 (B) 19 : 14

(C) 14 : 19 (D) 17 : 21

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio between the number of students studying at postgraduate and graduate levels respectively in Institute S ?

(A) 19 : 21 (B) 19 : 14

(C) 14 : 19 (D) 17 : 21

(E) None of the above

57. संस्थानों N और P में स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्रों की कुल संख्या है :

(A) 7004 (B) 5601

(C) 6669 (D) 5944

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total number of students studying at the postgraduate level at Institutes N and P is :

(A) 7004 (B) 5601

(C) 6669 (D) 5944

(E) None of the above

58. संस्थान R में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों की कुल संख्या कितनी है ?

(A) 9116

(B) 8372

(C) 5320

(D) 7916

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the total number of graduate and postgraduate level students in Institute R ?

(A) 9116

(B) 8372

(C) 5320

(D) 7916

(E) None of the above

59. संस्थान S में स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्रों की संख्या और संस्थान Q में स्नातक स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्रों की संख्या के बीच का अनुपात क्या है ?

(A) 19 : 13

(B) 13 : 19

(C) 15 : 19

(D) 21 : 13

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio between the number of students studying at the postgraduate level from Institute S and the number of students studying at the graduate level from Institute Q ?

(A) 19 : 13

(B) 13 : 19

(C) 15 : 19

(D) 21 : 13

(E) None of the above

60. संस्थानों M और S के कितने छात्र स्नातक स्तर पर अध्ययन कर रहे हैं ?

(A) 8463

(B) 9127

(C) 7516

(D) 9404

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many students in Institutes M and S are studying at the graduate level ?

(A) 8463

(B) 9127

(C) 7516

(D) 9404

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (61 से 65) के उत्तर दीजिए :

***Direction :** Study the following table and answer the questions (61 to 65) that follow :*

एक प्रचार महीने के दौरान पाँच फिटनेस केंद्रों में आगंतुकों और सदस्यता खरीदने वाले आगंतुकों की संख्या

Number of visitors and visitors who purchased membership at five fitness centres during a promotional month

फिटनेस केंद्र / Fitness Centre	आगंतुक / Visitors	सदस्यता खरीदने वाले आगंतुक / Visitors who purchased membership
A	600	240
B	750	375
C	900	540
D	800	400
E	950	570
कुल / Total	4000	2125

61. यदि केंद्र A का लक्ष्य है कि उसके 600 आगंतुकों में से 50% लोग सदस्यता खरीदें, तो कितने अतिरिक्त आगंतुकों को सदस्यता खरीदने की आवश्यकता है ?

(A) 60 (B) 40

(C) 75 (D) 50

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Centre A aims to have 50% of its 600 visitors purchase membership, how many additional visitors need to purchase membership ?

(A) 60 (B) 40

(C) 75 (D) 50

(E) None of the above

62. केंद्र B पर सदस्यता न खरीदने वाले आगंतुकों की संख्या, केंद्र C पर सदस्यता न खरीदने वाले आगंतुकों की संख्या से कितनी अधिक है ?

(A) 20
(B) 15
(C) 10
(D) 25
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By how many does the number of visitors who did not purchase a membership at Centre B exceed the number of visitors who did not purchase a membership at Centre C ?

(A) 20
(B) 15
(C) 10
(D) 25
(E) None of the above

63. सभी पाँच केंद्रों में सदस्यता खरीदने वाले कुल आगंतुकों का कौन-सा अंश (भिन्न) केंद्रों C और E से मिलकर आता है ?

(A) $\frac{188}{425}$ (B) $\frac{117}{200}$
(C) $\frac{222}{425}$ (D) $\frac{111}{200}$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What fraction of the total visitors who purchased a membership across all five centres was accounted for by Centres C and E together ?

(A) $\frac{188}{425}$ (B) $\frac{117}{200}$
(C) $\frac{222}{425}$ (D) $\frac{111}{200}$
(E) None of the above

64. केंद्र D पर, 800 में से 400 आगंतुकों ने सदस्यता खरीदी। यदि सदस्यता न खरीदने वाले 50 आगंतुकों को सदस्यता खरीदने वाले 50 नए आगंतुकों से बदल दिया जाए, तो केंद्र D पर सदस्यता खरीदने वाले और न खरीदने वाले आगंतुकों का नया अनुपात क्या होगा ?

(A) 4 : 3 (B) 9 : 7
(C) 2 : 5 (D) 5 : 4
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At Centre D, 400 out of 800 visitors purchased membership. If 50 non-purchasers are replaced by 50 new purchasers, what is the new ratio of purchasers to non-purchasers at Centre D ?

(A) 4 : 3 (B) 9 : 7
(C) 2 : 5 (D) 5 : 4
(E) None of the above

65. निम्नलिखित में से फिटनेस केंद्रों के किस युग्म में सदस्यता खरीदने वाले आगंतुकों का प्रतिशत समान था ?

(A) A और E (B) C और D
(C) A और B (D) B और D
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs of fitness centres had the same percentage of visitors who purchased membership ?

(A) A and E (B) C and D
(C) A and B (D) B and D
(E) None of the above

66. निम्नलिखित में से कौन-सा बिना बुझे चूने (क्विकलाइम) का रासायनिक सूत्र है ?

(A) $CaCO_3$ (B) CaO
(C) $CaCl_2$ (D) $Ca(OH)_2$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the chemical formula of quicklime ?

(A) $CaCO_3$ (B) CaO
(C) $CaCl_2$ (D) $Ca(OH)_2$
(E) None of the above

67. कौन-सी प्रक्रिया भोजन को मानव आहारनाल के माध्यम से आगे बढ़ाती है ?

(A) चर्वण (मेस्टिकेशन)

(B) निगलन (डिग्लूटिशन)

(C) खंडीकरण (सेगमेंटेशन)

(D) क्रमाकुंचन (पेरिस्टाल्सिस)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which process propels food through human the alimentary canal ?

(A) Mastication

(B) Deglutition

(C) Segmentation

(D) Peristalsis

(E) None of the above

68. अपवर्तन के नियम को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(A) हाइगेन्स का नियम (B) फ्रेस्नेल का नियम

(C) ब्रूस्टर का नियम (D) स्नेल का नियम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The law of refraction is also known as :

(A) Huygens' law (B) Fresnel's law

(C) Brewster's law (D) Snell's law

(E) None of the above

69. एक मशीन 50 N का प्रयास लगाने पर 200 N का भार उठाती है। इस मशीन का यांत्रिक लाभ क्या है ?

(A) 5 (B) 4

(C) 8 (D) 2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A machine lifts a load of 200 N when an effort of 50 N is applied. What is the mechanical advantage of the machine ?

(A) 5 (B) 4

(C) 8 (D) 2

(E) None of the above

70. ऑक्सीजन परमाणुओं के एक मोल का द्रव्यमान कितना होता है ?

(A) 8 ग्राम

(B) 32 ग्राम

(C) 16 ग्राम

(D) 48 ग्राम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the mass of one mole of oxygen atoms ?

(A) 8 grams

(B) 32 grams

(C) 16 grams

(D) 48 grams

(E) None of the above

71. भारत के संविधान के अनुच्छेद 39क (39A) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान किया गया है ?

(A) ग्राम पंचायतों का संगठन

(B) प्रसूति सहायता का उपबंध

(C) नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता

(D) समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following provisions is provided for under Article 39A of the Constitution of India ?

(A) Organisation of village panchayats

(B) Provision of maternity relief

(C) Uniform civil code for the citizens

(D) Equal justice and free legal aid

(E) None of the above

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ ...
केन्द्र कोड, परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सहित सभी ।५५८ .

अंतरीक्षक का हिन्दी में पूरा नाम

अंतरीक्षक के हस्ताक्षर

72. जिले में राजस्व प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी कौन होता है ?

(A) तहसीलदार

(B) उपायुक्त

(C) सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (उप-जिलाधिकारी) (एस.डी.एम.)

(D) संभागायुक्त (मंडलायुक्त)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who is the highest officer of the revenue administration in a district ?

(A) Tehsildar

(B) Deputy Commissioner

(C) Sub-Divisional Magistrate (SDM)

(D) Divisional Commissioner

(E) None of the above

73. निम्नलिखित में से किसने भारत के संविधान के मूल हिंदी संस्करण का सुलेखन (कैलिग्राफ्ड) किया था ?

(A) प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा

(B) ब्योहर राममनोहर सिन्हा

(C) नंदलाल बोस

(D) वसंत के. वैद्य

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following calligraphed the original Hindi version of the Constitution of India ?

(A) Prem Behari Narain Raizada

(B) Beohar Rammanohar Sinha

(C) Nandalal Bose

(D) Vasant K. Vaidya

(E) None of the above

74. 1862 में ब्रिटिश भारत का पहला उच्च न्यायालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थापित किया गया था ?

(A) बॉम्बे

(B) इलाहाबाद

(C) कलकत्ता

(D) मद्रास

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which of the following cities was the first High Court of British India established in 1862 ?

(A) Bombay

(B) Allahabad

(C) Calcutta

(D) Madras

(E) None of the above

75. निम्नलिखित में से कौन राज्य सभा का पदेन सभापति होता है ?

(A) लोक सभा अध्यक्ष

(B) भारत के प्रधानमंत्री

(C) भारत के उपराष्ट्रपति

(D) भारत के राष्ट्रपति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following holds the position of ex-officio Chairman of the Rajya Sabha ?

(A) Speaker of the Lok Sabha

(B) Prime Minister of India

(C) Vice-President of India

(D) President of India

(E) None of the above

20241769997

76. Choose the word that is opposite in meaning to "CONCEAL".
(A) Disguise
(B) Withhold
(C) Reveal
(D) Suppress
(E) None of the above

77. Choose the correct verb form to fill in the blank.
If the students had completed their project on time, the teacher _____ them extra credit.
(A) would have given
(B) would give
(C) gave
(D) will give
(E) None of the above

78. Fill in the blank with the correct modal form :
You look exhausted; you _____ get some rest before driving home.
(A) might have
(B) should
(C) ought
(D) would rather to
(E) None of the above

Direction : *Read the following passage carefully and answer the questions (79 and 80) that follow :*

Albert Einstein was known worldwide as a genius, but his personality was a fascinating mix of two different sides. On one hand, he was a serious scientist who spent hours working on complex math problems that changed how we understand the universe. On the other hand, he was a playful and gentle man who loved playing the violin and sailing his small boat. In him, the deep thinker and the joyful dreamer lived in perfect balance. While his theories helped create powerful new technologies, he was a strong believer in world peace who hated war. He often used his fame to speak out against violence. Unlike people who thought scientists should only care about facts and numbers, Einstein believed that imagination was actually more important than knowledge.

79. According to the passage, how did Einstein differ from people who thought scientists should only care about facts ?
(A) He believed that imagination was actually more important than knowledge.
(B) He thought that sailing was better than working on complex math problems.
(C) He refused to find a balanced lifestyle and focused on facts.
(D) He believed that artistic creativity had no place in scientific thinking.
(E) None of the above

80. In the passage, the phrase "fascinating mix" refers to Einstein being :
(A) a musician and a sailor.
(B) a creator of technology and a soldier.
(C) a math teacher and a famous speaker.
(D) a serious scientist and a playful, gentle person.
(E) None of the above

81. 'आपादमस्तक' शब्द के लिए वाक्यांश है :
(A) आदि से लेकर अंत तक
(B) बड़े से लेकर छोटे तक
(C) पूरे जीवन तक
(D) पैर से लेकर सिर तक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. 'उग्र' का विलोम शब्द है :
(A) प्रखर
(B) उदार
(C) सौम्य
(D) प्रचंड
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?
(A) अथिति
(B) अथीति
(C) अतीथी
(D) अतिथि
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

मैं प्रमाणित करता / करता हूँ ...
केन्द्र कोड, परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सहित सभी ...

84. 'परमौज' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(A) पर + ओज
(B) परम + ओज
(C) परमो + अज
(D) पर + औज
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. 'आँखें बिछाना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) अत्यंत प्यारा
(B) जरा भी कष्ट न आने देना
(C) आमना-सामना होना
(D) प्रेमपूर्वक स्वागत करना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. यदि $a - b = 4$ और $ab = 12$ है, तो $a^2 + b^2$ का मान क्या है ?

(A) 32 (B) 16
(C) 28 (D) 40
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $a - b = 4$ and $ab = 12$, what is the value of $a^2 + b^2$?

(A) 32 (B) 16
(C) 28 (D) 40
(E) None of the above

87. 840 के कितने धनात्मक गुणनखंड हैं ?

(A) 28
(B) 24
(C) 32
(D) 36
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many positive factors does 840 have ?

(A) 28
(B) 24
(C) 32
(D) 36
(E) None of the above

88. एक माली बराबर पंक्तियों और स्तंभों वाली एक वर्गाकार ग्रिड में 1000 पेड़ लगाता है। सबसे बड़ा संभव वर्ग बनाने के बाद कितने पेड़ शेष रहेंगे ?

(A) 24 (B) 31
(C) 16 (D) 39
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A gardener plants 1000 trees in a square grid with equal rows and columns. How many trees remain after forming the largest possible square ?

(A) 24 (B) 31
(C) 16 (D) 39
(E) None of the above

89. एक शहर की जनसंख्या में प्रति वर्ष 2·5% की वृद्धि होती है, जबकि प्रवासन के कारण यह प्रति वर्ष 0·5% कम हो जाती है। दो वर्षों के बाद जनसंख्या में कुल प्रतिशत वृद्धि क्या होगी ?

(A) 5·06% (B) 3·98%
(C) 4·04% (D) 6·09%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A city's population increases by 2·5% every year, while migration reduces it by 0·5% each year. What is the overall percentage increase in population after two years ?

(A) 5·06% (B) 3·98%
(C) 4·04% (D) 6·09%
(E) None of the above

90. आठ संख्याओं 6, 11, 9, x, 8, 10, 7, 13 का औसत (माध्य) 10 है। x का मान क्या है ?

(A) 13 (B) 12
(C) 16 (D) 14
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The average of the eight numbers 6, 11, 9, x, 8, 10, 7, 13 is 10. What is the value of x ?


(A) 13 (B) 12
(C) 16 (D) 14
(E) None of the above

ंश : निम्नलिखित बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उसके दिए गए प्रश्नों (91 से 95) के उत्तर दीजिए :

rection : Study the following bar graph and answer questions (91 to 95) that follow :

खाओं A, B, C, D और E में सुबह और शाम की शिफ्ट में सेवा पाने वाले ग्राहक

Customers receiving service during morning and evening shifts in Branches A, B, C, D and E



91. शाखाओं B और D में शाम की शिफ्ट के दौरान सेवा पाने वाले ग्राहकों की कुल संख्या और शाखाओं C और E में सुबह की शिफ्ट के दौरान सेवा पाने वाले ग्राहकों की संख्या का अनुपात क्या है ?

(A) 19 : 16 (B) 16 : 15

(C) 18 : 17 (D) 15 : 14

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined number of customers served during the Evening Shift at Branches B and D to that served during the Morning Shift at Branches C and E ?

(A) 19 : 16 (B) 16 : 15

(C) 18 : 17 (D) 15 : 14

(E) None of the above

92. यदि शाखा C में सुबह की शिफ्ट के दौरान सेवा पाने वाले ग्राहकों की संख्या 20% बढ़ जाती है, जबकि शाम की शिफ्ट की संख्या में कोई बदलाव नहीं होता है, तो शाखा C में शाम की शिफ्ट की संख्या, संशोधित सुबह की शिफ्ट की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक होगी ?

(A) $7\frac{1}{3}\%$

(B) $6\frac{2}{3}\%$

(C) $5\frac{1}{3}\%$

(D) $4\frac{1}{2}\%$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the number of customers served during the Morning Shift at Branch C increases by 20%, while the Evening Shift figure remains unchanged, by what percentage will the Evening Shift figure exceed the revised Morning Shift figure for Branch C ?

(A) $7\frac{1}{3}\%$

(B) $6\frac{2}{3}\%$

(C) $5\frac{1}{3}\%$

(D) $4\frac{1}{2}\%$

(E) None of the above

B = 200 / 260
D = 300 / 380
C = 250 / 320
E = 350 440

460 → 1140
680
570
790 → 1360

93. सभी पाँच शाखाओं में शाम की शिफ्ट के कुल ग्राहकों का कौन-सा अंश (भिन्न) शाखाओं D और E में मिलकर सेवा प्राप्त ग्राहकों का था ?

(A) $\frac{80}{161}$

(B) $\frac{84}{161}$

(C) $\frac{75}{161}$

(D) $\frac{82}{161}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What fraction of the total Evening Shift customers across all five branches were served at Branches D and E together ?

(A) $\frac{80}{161}$

(B) $\frac{84}{161}$

(C) $\frac{75}{161}$

(D) $\frac{82}{161}$

(E) None of the above

94. यदि शाम की शिफ्ट के 40 ग्राहकों को शाखा E से शाखा A में स्थानांतरित किया जाता है, तो शाखा A और शाखा E में शाम की शिफ्ट के ग्राहकों की संशोधित संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(A) 5 : 8 (B) 1 : 2

(C) 3 : 5 (D) 3 : 4

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 40 Evening Shift customers are reassigned from Branch E to Branch A, find the ratio of the revised number of Evening Shift customers at Branch A to that at Branch E.

(A) 5 : 8 (B) 1 : 2

(C) 3 : 5 (D) 3 : 4

(E) None of the above

95. यदि शाखा A में सुबह की शिफ्ट के ग्राहकों की संख्या दोगुनी हो जाए और शाखा E में यह संख्या 20% कम हो जाए, तो इन दोनों शाखाओं में सुबह की शिफ्ट के ग्राहकों की संशोधित संख्या के बीच कितना अंतर है ?

(A) 40

(B) 30

(C) 20

(D) 10

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the Morning Shift customers at Branch A double, and those at Branch E decrease by 20%, what is the difference between the revised number of Morning Shift customers at these two branches ?

(A) 40

(B) 30

(C) 20

(D) 10

(E) None of the above

96. निम्नलिखित में से किस कर को वस्तु एवं सेवा कर (GST) में समाहित कर लिया गया था ?

(A) चुंगी (ऑक्ट्रॉय)

(B) आयकर (इनकम टैक्स)

(C) संपत्ति कर (वेल्थ टैक्स)

(D) स्टाम्प शुल्क (स्टाम्प ड्यूटी)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following taxes was subsumed into the Goods and Services Tax (GST) ?

(A) Octroi

(B) Income Tax

(C) Wealth Tax

(D) Stamp Duty

(E) None of the above

20241769997